दिनांक : 25.03.2025 समय : 07.10

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत ने टीबी के खिलाफ अभियान में की है उल्लेखनीय प्रगति ।

- मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रदेश में दूध पर पांच रुपए बोनस देने का किया ऐलान

- सहकारिता का राज्य स्तरीय सम्मेलन कल भोपाल में होगा आयोजित ।

- नवरात्रि मेले के दौरान मैहर में रुकेंगी और 15 जोड़ी रेलगाड़ियां ।

**प्रधानमंत्री तपेदिक**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत ने तपेदिक-टीबी के खिलाफ अभियान में उल्लेखनीय प्रगति की है। हाल ही में संपन्न 100-दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान से मिली महत्वपूर्ण जानकारियों पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा के एक लेख को साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस अभियान ने टीबी मुक्त भारत के लिए एक मजबूत नींव रखी है। कल विश्व तपेदिक दिवस पर लेख में श्री नड्डा ने कहा कि भारत टीबी को खत्म करने के दृष्टिकोण को पुनर्परिभाषित कर रहा है।

**मुख्यमंत्री आगर मालवा**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज आगरमालवा जिले के ग्राम सालरिया स्थित विश्व के पहले कामधेनु गौ-अभ्यारण्य में 58 करोड़ 93 लाख रूपये की लागत के 23 विकास कार्यो का शिलान्यास और लोकार्पण किया. इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कामधेनु गौ-अभ्यारण्य में ग्वाल प्रशिक्षण केन्द्र तथा कामधेनु गुरूकुलम का शुभारंभ भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री कहा कि प्रदेश में दूध का उत्पादन नौ से बीस प्रतिशत बढ़ाने के लिये कार्य किये जाएगें तथा दूध पर पाँच रूपये लीटर की दर से बोनस भी दिया जाएगा।

**स्वच्छ सर्वेक्षण-2024**

प्रदेश में स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 जारी है। केन्द्रीय शहरी कार्य मंत्रालय स्वच्छता को लेकर नागरिकों से सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म वोट फॉर योर सिटी वेब, वोट फॉर योर

सिटी ऐप और स्वच्छता ऐप पर प्रतिक्रिया ले रहा है। नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय ने नगरीय निकायों को इस संबंध में जागरूक करने के लिये कहा है। इसके अलावा, निर्देशों में कहा गया है कि नगरीय निकाय की टीम मोहल्लों के दौरे में प्रत्येक घर में जाकर स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 की जानकारी और प्रयासों के बारे में बताये। सर्वेक्षण में नगरीय निकाय को शहर की जनसंख्या के कम से कम 10 प्रतिशत सिटीजन फीडबैक प्राप्त किया जाना अनिवार्य किया गया है।

## वेव्स-अक्षय कुमार

बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन-वेव्स 2025 के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं है। यह सम्मेलन 01 से 04 मई तक मुंबई में आयोजित किया जाएगा। सोशल मीडिया पर एक वीडियो संदेश में अक्षय कुमार ने शिखर सम्मेलन के आयोजन को महत्वपूर्ण कदम बताया।

## सहकारिता दिवस

अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष का राज्य स्तरीय सम्मेलन dy समन्वय भवन, भोपाल में आयोजित होगा । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डा मोहन यादव होंगे. सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक मनोज कुमार गुप्ता ने बताया है कि सम्मेलन में राज्य सहकारी विपणन संघ, सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं और नाबार्ड क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारी भी शामिल होंगे ।

## सीहोर टीबी

सीहोर जिले में टीबी उन्मूलन को लेकर ग्राम पंचायतों में बेहतर काम किया जा रहा है | जिले में टीबी उन्मूलन अभियान के तहत 170 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया । इस अभियान के अंतर्गत जिले में 2 लाख 29 हजार 472 लोगों की स्क्रीनिंग कराई गई। सीएमएचओ डॉ. सुधीर डेहरिया ने बताया कि 155 ग्राम पंचायतों को कांस्य और 15 को रजत स्मृति चिन्ह दिया गया।

## रायसेन कृषि मेला

रायसेन के ग्राम नकतरा में कृषि विज्ञान केन्द्र परिसर में आज से 27 मार्च तक आत्मा परियोजना के तहत तीन दिवसीय जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला का आयोजन किया जा रहा है। मेला का शुभारंभ स्वास्थ्य राज्यमंत्री मंत्री नरेन्द्र पटेल ने किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री पटेल ने कहा कि किसानों को परपंरागत खेती से हटकर उन्नत और नगदी फसलों की खेती की तरफ अग्रसर होना चाहिए, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। मेले में जैविक खेती, मिलेट, श्री अन्न, कोदो एवं कुटकी सहित उन्नत किस्म की फसलों के विषय में सम्पूर्ण जानकारी किसानों को प्रदान करने के लिए प्रदर्शनी भी लगाई है।

## आईपीएल-क्रिकेट

आईपीएल क्रिकेट में आज शाम अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटन्स का मुकाबला पंजाब किंग्स से होगा । मैच अब से कुछ देर बाद शाम साढ़े 7 बजे शुरू होगा। इससे पहले कल दिल्ली कैपिटल्स ने कल लखनऊ सुपर जायंट्स को एक विकेट से हरा दिया था।

समाचार संक्षेप में. :–

- क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रेकिंग नेटवर्क एण्ड सिस्टम पर अमल में पुलिस मुख्यालय स्तर पर ''ब'' वर्ग के जिलों में गुना जिले को पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है ।
- खरगोन में बावड़ियों एवं कुओं पर अवैध निर्माण या अतिक्रमण के कारण तथा खुले बोरिंग से जन सुरक्षा को खतरा होने की संभावना को देखते हुए कलेक्टर भव्या मित्तल ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये हैं।
- झाबुआ में जिला आपूर्ति अधिकारी संजय पाटिल ने बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत हितग्राहियों को उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से एनएफएसए का खाद्यान्त्र निःशुल्क वितरण किया जा रहा है
- अशोकनगर में आज जिला पत्रकार संघ द्वारा अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी का 94 वां शहादत दिवस मनाया गया।
- नर्मदापुरम जिले की सिवनी मालवा के गोवर्धन धर्मशाला में पोषण और शिक्षा को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण दिया गया।
- बैतूल में मिशन वात्सल्य, बाल आशीर्वाद और पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन स्कीम में स्पॉन्सरशिप बच्चों के लिए 2 करोड़ 62 लाख 32 हजार की राशि की स्वीकृत की गयी है।

- भोपाल में मध्य प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी का जाति प्रमाण पत्र फर्जी है और उन्होंने अनुसूचित जाति के आरक्षण का गलत तरीके से लाभ उठाया है।

**मुख्य समाचार एक बार फिर ....**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत ने टीबी के खिलाफ अभियान में की है उल्लेखनीय प्रगति ।
- मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रदेश में दूध पर पांच रुपए बोनस देने का किया ऐलान
- सहकारिता का राज्य स्तरीय सम्मेलन कल भोपाल में होगा आयोजित ।
- नवरात्रि मेले के दौरान मैहर में रुकेंगी और 15 जोड़ी रेलगाड़ियां ।

--------------------